17 16

पत्रांक-2726 / कार्य-7 (JJM) / 246 दिनांक: 6/9/2024

# जिलाधिकारी महोदया, की अध्यक्षता में दिनांक 02.09.2024 को पूर्वाहन 05:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या– 190/छियत्तर–1–2020 –20–25सम/2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में प्रस्तावित ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 02.09.2024 को पूर्वाहन 05:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/जल जीवन मिशन योजनाओं की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. सुश्री निशा अनंत, जिलाधिकारी महोदया अमेठी।
2. श्री सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
3. जल जीवन मिशन कार्यो की जांच हेतु नामित समस्त नोडल अधिकारी अमेठी।
4. श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी।
5. श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
6. श्री सीताराम गुप्त, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
7. श्री एस0आर0के0 शुक्ला, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
8. श्री फणेन्द्र राव, कांस्ट्रक्शन मैनेजर, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
9. श्री राजीव श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
10. श्री अविनाश यादव, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
11. श्री वेनकन्ना, पी0एम0, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा प्रा0लि0।
12. श्री अजयराज सिंह, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0
13. श्री उमाशंकर पाठक, आई0एस0ए0 कोऑडिनेटर, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।

श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य जनपद में अनुबन्धित फर्म नामतः मे0 वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई को 240 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 133 नग ग्रामीण पेयजल योजनायें का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 हैदराबाद को पूर्व से निर्मित 37 नग पुनर्गठन पेयजल योजनाओं को सम्मलित करते हुये 302 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 160 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का कार्य कराया जा रहा है।

''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम फेज–3 के लिये नामित फर्म मेसर्स विन्ध्या टेली–लिंक्स लि0–गाजा इंजी0 प्रा0लि0 नोएडा (जे0वी0) को 402 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 194 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

**कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/ मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/मे0 विन्ध्या टेली लिंक्स, प्रा0लि0**

**1–स्वीकृति योजनाओं पर कार्य की स्थिति :–**

नामित फर्मो द्वारा समस्त ग्रामों की डी0पी0आर0 तैयार कर शासन को प्रेषित की जा चुकी है एवं योजनायें शासन स्तर से स्वीकृति हो चुकी है। जिसका विवरण निम्नवत् है।

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | आंवटित ग्रामों की संख्या | शासन को प्रेषित डी0पी0आर0 की संख्या | शासन स्तर से स्वीकृति डी0पी0आर0/योजनाओं की संख्या | कार्य प्रारम्भ की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 240 | 133 | 133 | 133 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 302 | 160 | 160 | 160 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 402 | 194 | 194 | 194 |
| | कुल योग | 944 | 487 | 487 | 487 |



Scanned with OKEN Scanner

इस प्रकार स्वीकृति 487 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 487 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है।

**कार्यवाही अधि०अभि० जल निगम/मे०वेलस्पन प्रा०लि०/मे० गायत्री प्रोजेक्ट प्रा०लि०/मे० विन्ध्या टेली लिंक्स, प्रा०लि०**

**2–निर्माणाधीन योजनाओं में उच्च जलाशय की स्थिति**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसकी प्रगति निम्नवत् है–

| क्र०सं० | फर्म का नाम | प्रस्तावित उच्च जलाशय की संख्या | उच्च जलाशय में कार्य प्रारम्भ की संख्या | पूर्ण उच्च जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 133 | 130 | 18 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 165 | 165 | 29 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 194 | 194 | 39 |
| | कुल योग | **492** | **489** | **86** |

इस प्रकार उच्च जलाशय की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी। जिलाधिकारी महोदया द्वारा प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त एजेन्सियों को 15 एवं 30 सितम्बर–2024 तक उच्च जलाशय पूर्ण किये जाने हेतु लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किये गये–

| क्र०सं० | फर्म का नाम | माह 15 सितम्बर–2024 तक पूर्ण किये जाने वाले उच्च जलाशय की संख्या | माह 30 सितम्बर–2024 तक पूर्ण किये जाने वाले उच्च जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 28 | 34 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 39 | 54 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 60 | 75 |
| | कुल योग | **127** | **163** |

उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रत्येक एजेन्सी को लेबर बढ़ाने के निर्देश दिये गये है। जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाय।

**3–निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में तोड़ी गयी रोड/खंड़जे की पुर्नस्थापना की स्थितिः–**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जे की पुर्नस्थापना का कार्य संतोषजनक नहीं है। फर्मो द्वारा तोड़ी गयी रोड/खंड़जें की पुनर्स्थापना का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र०सं० | फर्म का नाम | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी०) | पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जा (किमी०) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा (किमी०) | अवशेष रोड/खंड़जा पुर्नस्थापना (किमी०) | पुर्नस्थापना की गयी रोड/खंड़जा प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1574.00 | 346.00 | 309.00 | 37.00 | 89.31 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3296.00 | 1562.00 | 1486.00 | 76.00 | 95.13 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या–गाजा | 3093.00 | 1474.00 | 1396.00 | 78.00 | 94.71 |
| | कुल योग | **7963.00** | **3382.00** | **3191.00** | **191.00** | **94.35** |

तोड़ी गयी रोड/खंड़जा का पुर्नस्थापना का कार्य धीमा होने के कारण जन सामान्य एवं जन प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। जिसे गुणवत्तापूर्वक किया जाना अति आवश्यक है। निर्देश दिये गये कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जो की पुर्नस्थापना शीघ्र की जाय। जिससे किसी प्रकार की असुविधा जन सामान्य को न हो।

**4–भूमि विवाद की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि में 6 स्थलों पर क्रमशः सरायंमहेशा, करिमपुर, नरहरपुर,



Scanned with OKEN Scanner

वैदकिपुर, राजामऊ एवं फुन्दनपुर ग्रामीण पेयजल योजना मे भूमि विवाद की स्थिति थी, जिला/स्थानीय प्रशासन के सहयोग से भूमि विवाद का निस्तारण करा लिया गया है।

**5–विद्युत आधारित योजनाओं की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत 34 नग पाइप पेयजल योजनायें जिनका संचालन विद्युत के माध्यम से किया जाना है। जिसमें मैसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई के 03 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना, मेसर्स गायत्री–रैम्की(जे0वी0) हैदराबाद की 13 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना एवं मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स प्रा0लि0 नोएडा की 18 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना पर विद्युत संयोजन का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाना है। जिसे हेतु आवश्यक धनराशि विद्युत यांत्रिक शाखा उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या को उपलब्ध करायी जा चुकी है। जिस पर कार्यवाही वांछित है।

**6–अनपत्ति प्रमाण की स्थिति :–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु एन0एच0ए0आई0, रेलवे, नेशनल हाईवे से एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने के कारण मेसर्स वेलस्पन की 60 किमी0, मेसर्स गायत्री–रैम्की की 100 किमी0 एवं मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स गाजा की 80 किमी0 पाइपलाइन डालना शेष है। ए0ओ0सी0 प्राप्त किये जाने हेतु खण्ड द्वारा सम्बन्धित विभाग से पत्राचार के माध्यम से अनुरोध किया गया है परन्तु वांछित कार्यवाही शेष है।

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 26 नग पाइप पेयजल योजनाओं मे शिरोपरि जलाशय के माध्यम से नियमित जलापूर्ति हो रही है। निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं की सूची सम्बन्धित उप–जिलाधिकारी को तीन दिवस मे उपलब्ध करा दी जाय।
- योजनाओं से नियमित जलापूर्ति के प्रभावी अनुश्रवण हेतु खण्ड में एक कन्ट्रोल रुम स्थापित करते हुये अनुश्रवण हेतु दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाय जिससे उक्त कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों/प्रधान से दूरभाष पर वार्ता कर नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जाय।
- "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी महोदया द्वारा गठित टीम के नोडल अधिकारियों द्वारा किया गया। जनपद के समस्त 13 विकास खण्डों के अन्तर्गत 51 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का निरीक्षण नामित नोडल अधिकारियों द्वारा करते हुये बैठक के दौरान 37 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं की निरीक्षण आख्या उपलब्ध करायी गयी। नोडल अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं में जलापूर्ति के समय कुछ योजनाओं में क्लोरिनेशन युक्त पेयजल की आपूर्ति नही की जा रही है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उक्त पर रोष व्यक्त करते हुये निर्देश दिये गये कि जलापूर्ति के समय शतप्रतिशत क्लोरिनेशन युक्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। यदि इसमें लापरवाही की जायेगी तो सम्बन्धित फर्म के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।
- नोडल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी जांच आख्या फर्म को उपलब्ध करायी जाय तथा निरीक्षण के समय नोडल अधिकारियों द्वारा जो कमियां दर्शायी गयी है। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाय।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा जनपद में समस्त ऑगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है, जिस हेतु सहायक अभियन्ता स्तर के अधिकारी को नोडल नामित करते हुये यथशीघ्र समस्त ऑगनबाडी एवं प्राथमिक विद्यालयों में शत प्रतिशत जल संयोजन की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा तीनों फर्मो क्रमशः मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई, मेसर्स गायैत्री–रैम्की प्रा0लि0/हेत्वी एवं मे0 वी0टी0एल0–गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि शेष पाइपलाइन माह सितम्बर–2024 तक पूर्ण कर ली जाय एवं माइक्रोप्लान तैयार कर दैनिक अनुश्रवण किया जाय। पाइपलाइन बिछाने के दौरान मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई के द्वारा 37.00 किमी0, मेसर्स गायैत्री–रैम्की प्रा0लि0/हेत्वी के द्वारा 76.00 किमी0 एवं मे0 वी0टी0एल0–गाजा प्रा0लि0/ हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0 के द्वारा 78.00 किमी0 तोड़ी गयी रोड/खंड़जा के पुर्नस्थापना का कार्य नही कराया जा सका है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा उक्त पर रोष व्यक्त करते हुये निर्देश दिये गये कि शरदीय नवरात्रि को देखते हुये रोड/खड़ंजा की पुर्नस्थापना का कार्य शरदीय नवरात्र से पहले पूर्ण कराया जाय। उक्त कार्य में शिथिलता के कारण यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो अनुबन्धित फर्म के साथ–साथ क्षेत्र के सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु सामग्री की टेस्टिंग एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।



Scanned with OKEN Scanner

- जिलाधिकारी महोदया, द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, बेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 अमेठी को निर्देश दिये गया कि आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों का अनुश्रवण दैनिक करते हुये सत्यापन कराया जाय।

**कार्यवाही मु0वि0अधिकारी / अधि0अभि0 जल निगम / मे0वेलस्पन प्रा0लि0 / मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 / डी0पी0एम0यू0 / टी0पी0आई0 / आई0एस0ए0**

(अनिल कुमार राव)
अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी

पृं0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या (अम्बेडकरनगर)।
3. जिलाधिकारी महोदया अमेठी।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अमेठी।
5. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
6. श्री सीताराम गुप्त, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
7. श्री एस0आर0के शुक्ला, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
8. श्री अविनाष यादव, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0 / हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0।
9. श्री अजय राज सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 वी0टी0एल0-गाजा प्रा0लि0 / हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner